Regarding need to introduce NCC training programme in PM SHRI Schools and Sandipani Vidyalayas in Madhya Pradesh-Laid

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** मैं देश के माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी कार्यक्रम से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ । मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की पीएम श्री स्कूल योजना तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित संदीपनी विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) में अब तक एनसीसी का पाठ्यक्रम एवं कार्यक्रम प्रारंभ नहीं किया गया है । एनसीसी जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । ऐसे में मेरा प्रश्न है कि इन विद्यालयों में एनसीसी कार्यक्रम कब प्रारंभ किया जाएगा? मेरी आग्रह पूर्ण माँग है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना सहित मध्य प्रदेश के सभी जिलों में स्थित पीएम श्री, संदीपनी विद्यालय (सीएम राइज स्कूलों) में एनसीसी कार्यक्रम को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि हमारे युवा देश सेवा के लिए प्रेरित हो सकें और सशक्त नागरिक बन सकें । मैं माननीय रक्षा मंत्री जी से इस विषय पर आवश्यक एवं त्वरित कदम उठाने का आग्रह करता हूँ ।